कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

पत्रांक 3130 / M-1 / 60 दिनांक 24/10/26

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी
(निरीक्षा शाखा),
मऊ।

विषय : **न्यूज 18 डिजिटल समाचार में दिनांक 23.10.2026 को '' मण्डुसरा बुजुर्ग में जल जीवन मिशन की टंकी 2 साल से अधूरी, गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण, सड़कें भी खुदी पड़ीं'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि **न्यूज 18 डिजिटल समाचार में दिनांक 23.10.2026 को '' मण्डुसरा बुजुर्ग में जल जीवन मिशन की टंकी 2 साल से अधूरी, गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण, सड़कें भी खुदी पड़ीं''** शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया है। विकास खण्ड– रानीपुर के अन्तर्गत मण्डुसरा बुजुर्ग पेयजल योजना का कार्य मेसर्स के0एल0एस0आर द्वारा कराया जा रहा है। पेयजल योजना की प्रगति के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था मेसर्स के0एल0एस0आर0 से आख्या प्राप्त की गई। संस्था द्वारा अपने पत्र सं0 KLSR-Rays-JV/Mau/2026-27/783, दिनांक 24.10.2026 के माध्यम से आख्या प्रस्तुत की गई है (पत्र संलग्न है)। विकास खण्ड रानीपुर के ग्राम पंचायत मण्डुसरा बुजुर्ग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल परियोजना निर्माणाधीन है जहाँ ट्यूबवेल, पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोलर का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य 15.326 किमी0 के सापेक्ष 12.147 किमी0 पूर्ण कर लिया गया है एवं गृह संयोजन का कार्य 54 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है, ओ०एच०टी0 का कार्य ग्राउण्ड लेवल तक पूर्ण हो चुका है। सड़क पुनर्स्थापित का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में विभाग द्वारा योजनाओं को पूरा करने के दृष्टिगत प्राथमिकतावार फण्ड रिलीज़ किया जा रहा है ।

अतः फण्ड प्राप्त होने पर कार्य पुनः आरम्भ करते हुए योजना के सभी कार्यों को टीम लगाकर प्राथमिकता पर पूर्ण करा लिया जाएगा ।

आपसे अनुरोध है कि कृपया प्रकरण निक्षेपित करने का कष्ट करे।

संलग्नक : **फर्म का पत्र।**
पेपर कटिंग।

भवदीय
(रामेश्वर दयाल)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–

1– प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
3– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4– जिलाधिकारी महोदय, मऊ को सादर अवलोकनार्थ।
5– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मऊ को सादर सूचनार्थ।
6– मुख्य अभियन्ता (वारा.क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
7– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़।
8– मेसर्स केएलएसआर रेज को उनके पत्र दिनांक 24.10.2026 के सन्दर्भ में इस आशय से कि अवशेष कार्यो को प्राथमिकता पर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

KLSR INFRATECH LTD

KLSR-RAYS (JV)

RAYS POWER INFRA

H.No: 2-56/D/213/9A & 9B, F No. 4B, KLSR TOWERS, AYYAPPA SOCIETY, MADHAPUR, HYDERABAD-500081

Letter No. KLSR-RAYS-JV/Mau/2026-27/ 783 DATE – 24/10/2026

सेवा में

अधिशासी अभियन्ता

उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)

मऊ।

विषय:- जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत दिनांक 23.10.2026 को न्यूज़18 हिंदी के डिजिटल संस्करण में प्रेषित की गयी खबर "मऊ: मंडूसरा बुजुर्ग में जल जीवन मिशन की टंकी 2 साल से अधूरी, गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण, सड़कें भी खुदी पड़ीं" के संबंध में।

महोदय

उपरोक्त विषय में अवगत कराना है कि विकास खण्ड रानीपुर के ग्राम पंचायत मडुसरा खुर्द में जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण हो चुका है।पंप हाउस एवं बाउंड्री वॉल का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोलर का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य 15.326 कि.मी के सापेक्ष 12.147 कि.मी पूर्ण कर लिया गया है। सड़क पुनर्स्थापित का कार्य किया जा रहा है। एवं गृह संयोजन का कार्य 54 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है तथा शिरोपरि जलाशय का कार्य ग्राउंड लेवल तक पूर्ण हो चुका है।वर्तमान में विभाग द्वारा योजनाओं को पूरा करने के दृष्टिगत प्राथमिकतावार फण्ड रिलीज़ किया जा रहा है। शेष बचे हुए सभी कार्यों को टीम लगाकर शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

भवदीय

परियोजना प्रबन्धक

के०एल०एस०आर०–रेज (जेवी)



मऊ: मंडूसरा बुजुर्ग में जल जीवन मिशन की टंकी 2 साल से अधूरी, गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण, सड़कें भी खुदी पड़ीं

Reported by: Rajeev Sharma | Edited by: Rahul Goel | Agency: Local18
Last Updated: October 23, 2026, 15:50 IST

सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी लगाया गया इससे ग्रामीणों को पानी की समस्या ना हो. लेकिन मऊ जनपद के मंडूसरा बुजुर्ग ग्राम सभा में पानी की टंकी तो बनाई गई लेकिन वह अधूरे में छोड़ दी गई. जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या अधिक हो रही है ऐसे में आइए जानते हैं ग्रामीण क्या मांग कर रहे हैं.

खबरें फटाफट

मऊ: सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी लगाई गई ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या न हो. लेकिन मऊ जनपद के मंडूसरा बुजुर्ग ग्राम सभा में पानी की टंकी तो बनाई गई, लेकिन वह अधूरी ही छोड़ दी गई. जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या अधिक हो रही है. ऐसे में आइए जानते हैं कि ग्रामीण क्या मांग कर रहे हैं.

गर्मी में गहराता है जल संकट, खुदी सड़कों से ग्रामीण परेशान

लोकल 18 से बात करते हुए ग्रामीण सुरेश चौहान ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत स्थापित पानी की टंकी की बोरिंग तो की गई, लेकिन 1 वर्ष से ऊपर हो गया और पानी की टंकी बनाई नहीं गई. जिसकी वजह से सभी ग्रामीणों को चार नंबर मशीन के पानी का प्रयोग करना पड़ता है. बरसात में तो सही है, लेकिन गर्मी के महीनों में पानी की काफी किल्लत होती है. कई लाख की लागत से बनाई जा रही पानी की टंकी ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होने वाली थी, लेकिन अधूरी ही पानी की टंकी को छोड़ दिया गया और लगभग 1 से दो वर्षों से यहां काम बंद पड़ा हुआ है.

ये भी पढ़ें: क्या आप भी फेंक देते हैं चूल्हे की राख? घर पर ऐसे तैयार करें बर्तन धोने का साबुन, जानें स्टेप-बाय-स्टेप तरीका

HEALTH CALCULATORS

BMI Calculator

Calorie Calcu

खबरें फटाफट

लड़कियां शादी से क्यों कर रहीं इंकार, कारण जो झुठलाए नहीं जा सकते

- भारत में अविवाहित महिलाओं का प्रति तेजी से बढ़ा है.
- शादी के बाद महिलाओं पर पाबंदियां जिम्मेदारियां बढ़ती हैं.